पार्वती नदी के कैचमेंट एरिया में डूबा युवक, मौत

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 जुलाई. अंचल में लगातार हो रही झमाझम बारिश अब हादसों का कारण बन रही है। जिसके चलते शनिवार सुबह एक युवक पार्वती नदी के कैचमेंट एरिया में पानी के तेज बहाव में बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

भितरवार क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

घटना भितरवार क्षेत्र की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया, जिसका पीएम करवाने के उपरांत मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया गया है।

भितरवार थाना क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 15 स्थित पार्वती नदी के कैचमेंट एरिया में रहने वाला 28 वर्षीय दिनेश जाटव शनिवार की सुबह घर के बाहर टहल रहा था, इसी दौरान पानी का तेज बहाव आने से वह अनियंत्रित होकर बह गया। युवक के पानी में बह जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटकर दिनेश की तलाश में लग गए। वहीं घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा ऐहतियात के तौर पर तमाशबीनों को वहां से हटाने के उपरांत कुछ ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से नदी में सर्चिंग शुरू करवाई गई। कुछ देर की मशक्कत के बाद युवक का शव मिल गया, जिसे बाहर निकलवाकर पुलिस ने पीएम के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। पुलिस द्वारा फिलहाल मर्ग कायम कर हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए घटना की विवेचना की जा रही है।

परिजनों की बात मान लेता, तो बच जाता

बताया गया है कि बीते रोज मूसलाधारा बारिश होने के बाद शनिवार सुबह मौसम खुला देख दिनेश घर से बाहर निकल आया। जो पानी के बीच में जाने लगा। यह देख परिजनों ने उसे रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वह नहीं माना। इसी दौरान पानी का तेज बहाव आने से वह उसमें बह गया। यदि युवक अपने परिजनों की बात मान लेता, तो वह पानी में नहीं डूबा होता।

इनका कहना है

पार्वती के कैचमेंट एरिया में रहने वाला एक युवक पानी के तेज बहाव में बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई। शव को निकलवाकर पीएम के लिए भिजवाया गया है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

जितेंद्र नगाइच
एसडीओपी, भितरवार

हरसी बांध का जलस्तर 4 .30 फुट पहुंचा, डबरा में पार्वती, सिंध नदी का जलस्तर बढ़ा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 जुलाई. डबरा के कैचमेंट एरिया में हो रही लगातार बारिश के कारण हरसी बांध पूरी तरह भर गया है। बांध के बेस्ट वियर पर पानी का स्तर 4.30 फुट तक पहुंच गया है। इससे पार्वती

लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा

और सिंध नदी में जल स्तर बढ़ गया।

प्रशासन ने शनिवार दोपहर में नदी किनारे बसे गांवों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। टीम ने लोगों को नदी से दूर रहने की हिदायत दी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आने वाले घरों को चिह्नित किया। इन घरों के लोगों को यहां से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है।

एसडीओपी जितेंद्र नागाइच ने बताया कि पार्वती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रशासन की टीमें किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। सुबह से प्रशासन की टीमें जल प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रही हैं। बांध से रोजाना पानी छोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने रात में पानी और बढ़ने की संभावना जताई है। भितरवार से तहसीलदार धीरज परिहार, एसडीओपी जितेंद्र नागाइच और बैलगढ़ा थाना प्रभारी अजय सिकरवार सहित पुलिस बल मौके पर ही डेरा डाले हुए हैं।

बहू और बेटा करते है वृद्ध महिला की पिटाई, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 जुलाई. ग्वालियर थाना अंतर्गत कोटेश्वर मंदिर के पीछे चंद्र नगर ठाकुर मुहल्ला में रहने बाली 70 बर्षीय व्रद्ध विधवा महिला कमला माहौर की इस दर्द भरी पीड़ा से अनजान, पुलिस, रिपोर्ट के बाद भी उस बहू बेटे के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रही बुजुर्ग महिला कमला माहौर का कहना है की मेरे

कहा-साहब आए दिन छोटी बहू मारती है और बेटा मुझे मेरे ही घर से निकालने की धमकी देता है मेरी जान को इनसे खतरा है

तीन बेटे है तीनों की शादी हो चुकी है मेरी सबसे छोटी बहू प्रीति माहौर और छोटा बेटा जानकी माहौर मुझे आए दिन मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देते रहते है बहू प्रीति ने हम सभी का जीना मुश्किल कर रखा है मेरे दो बेटों को झूठे केस में फसवाने की धमकी देती है रहती है एक बार महिला थाने में भी मेरे खिलाफ झूटी रिपोर्ट दर्ज करवा चुकी है में अपने निजी मकान में कई सालों से अपने तीन बेटों के साथ रह रही हूँ छोटा बेटा जानकी माहौर और बहू प्रीति माहौर कई सालों से उसी मकान में अलग कमरे में रह रहे है और मुझे और मेरे दोनों बड़े बेटों को घर से निकल जाने को कहते है छोटा

बेटा और बहू आए दिन किसी ना किसी बात पर मुझे पीटते रहते है और मेरे दो बेटे झगड़े में मुझे बचाते है तो बहू प्रीति उनको भी पुलिस केस में झूठा फसाने की धमकी देती है कुछ रोज पहले 16 जुलाई को मेरी बहू प्रीति ने मुझे इतना मारा की मेरी रीढ़ की हड्डी में फेक्चर हो गया मेरा बड़ा बेटा सुरेंद्र मुझे थाने ले गया वहाँ मेरा मेडिकल करवा कर बहू के खिलाफ पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया पर उस पर अभी कोई कार्यवाही नहीं हुई में अपने ही घर मे घुट घुट कर जीने को मजबूर हूँ मुझे मेरी छोटी बहू प्रीति और बेटे जानकी से मेरी जान का खतरा बना रहता है अगर मेरी सुनवाई नहीं हुई तो में पुलिस कप्तान से गुहार लगाऊंगी ।

नशा किसी भी रूप में समाज के लिए घातक : एसएसपी धर्मवीर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 जुलाई. नशा किसी भी रूप में समाज के लिए घातक है। ऑटो-टमटम चालक शहर के हर कोने तक पहुँचते हैं, इसलिए वह इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। हम सभी को मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। ग्वालियर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज के हर वर्ग को नशे से दूर रखने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। पुलिस का यह प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ें और नशा मुक्त समाज की स्थापना में सहभागी बनें। यह बात शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के अंतर्गत ग्वालियर पुलिस द्वारा फूलबाग मैदान में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

धर्मवीर सिंह ने ऑटो एवं टमटम चालकों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि टेंपो, ऑटो और टमटम दिनभर सड़क पर रहते हैं और हर जगह आते जाते रहते हैं इसलिए ग्वालियर पुलिस ने इन्हें संदेश वाहक बनाया है। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी नशे के खिलाफ जागरूक होंगे, उतनी ही जल्दी हम नशा मुक्ति को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित आटो एवं टमटम चालकों की परेशानियों को भी सुना। इस मौके पर नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए टेंपो ऑटो और टमटम के पीछे नशे से दूर रहने के संदेश के पोस्टर भी चिपकाए गए. कार्यक्रम में अति. पुलिस अधीक्षक श्रीकृष्ण लालचंदानी, डीएसपी यातायात अजीत सिंह , यातायात निरीक्षक के.पी.एस. तोमर, सूबेदार अभिषेक रघुवंशी भी उपस्थित थे। वहीं थाना कोतवाली में ''नशे से दूरी है जरूरी'' अभियान के तहत ऑटो एवं लोडिंग वाहन के चालकों को नशा मुक्ति हेतु जागरूक कर हेल्पलाइन नंबर 14446 के संबंध में जानकारी दी कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली मोहिनी वर्मा, एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी के अध्यक्ष संजय कट्टल एवं थाना कोतवाली का स्टाफ उपस्थित था। इसी प्रकार पुलिस लाईन द्वारा पीएम श्री स्कूल डीआरपी लाइन के छात्र- छात्राओं से नशे से दूरी अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 70 से 80 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह सिकरवार, सूबेदार स्मृति दोहरे आदि उपस्थित थे।

महिला थाना पड़ाव और कोतवाली थाना क्षेत्रों में घूमे नसा मुक्ति वाहन

पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाया जा रहा नशा मुक्ति हेतु विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह यादव के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेंट्रल श्रीमती सुमन गुर्जर के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ऑटो एवं लोडिंग वाहन एवं लोडिंग वाहन के चालकों को नशा मुक्ति हेतु जागरूक कर हेल्पलाइन नंबर 14446 के संबंध में जानकारी दी गई सभी वाहनों पर नशा मुक्ति हेतु पोस्टर चस्पा किए गए। कार्यक्रम में कोतवाली थाना प्रभारी मोहिनी वर्मा एवम् थाना प्रभारी महिला थाना पड़ाव एवं, अन्य पुलिस अधिकारी एवम् कर्मचारी उपस्थित थे एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी के अध्यक्ष संजय कट्टल उपस्थित रहे इन बैनरों पर नशा मुक्ति जन-जागरूकता स्लोगन लिखे हुए हैं और पेम्पलेट भी वितरित किए और मजदूरी करने वाले मजदूरों को नशा ना करने की शपथ भी दिलाई गई नशा मुक्ति जन-जागरूकता रथ सम्पूर्ण पूरे शहर में भ्रमण कर प्रचार प्रसार किया जायेगा.

धर्मशाला में लटका है ताला, राशि मिली, लेकिन खुले नहीं

रविन्द्र सिंह चौहान

ग्वालियर 19 जुलाई. एक हजार बिस्तर अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों के ठहरने के लिए बनाई गई धर्मशाला का ताला तमाम प्रयासों के बाद भी खुल नहीं पाया। जबकि इस धर्मशाला को प्रारंभ करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री के साथ कलेक्टर निर्देश दे चुकी हैं। इसके न खुलने से दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीज के परिजनों को ठहरने के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। धर्मशाला का ताला खुल जाए तो यह परेशानी तुरंत दूर हो जाए।

राशि मिली तो मिल गई अब खरीदी में उलझे- धर्मशाला में फर्नीचर व अन्य सामान खरीदने के लिए प्रदेश सरकार में मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने अपनी निधि से राशि देने की बात कही थी, और यह राशि जीआरएमसी प्रबंधन को मिल गई। राशि मिलने के बाद अब गुजारा करना पड़ रहा है। गुजारा तो क्या इतना भी फंड नहीं उस पर खरीदी प्रक्रिया का झंझट खड़ा हो गया है। धर्मशाला का ताला न खुलने से मरीजों को

बारिश में मरीजों के परिजन हो रहे परेशान, एक हजार बिस्तर अस्पताल परिसर का मामला

हजार बिस्तर अस्पताल में धर्मशाला प्रारंभ न होने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। चर्चा इस बात की हो रही है कि अस्पताल में प्रतिदिन तीन हजार से अधिक मरीज ओपीडी में आते हैं। इसके अलावा 1000 मरीज भर्ती रहते हैं। इनसे ओपीडी शुल्क सहित अन्य सुविधाओं का चार्ज लिया जाता है। क्या जीआरएमसी प्रबंधन के पास महज कुछ लाख रुपए का फंड नहीं है, कि वह धर्मशाला के लिए फर्नीचर, पलंग व गद्दे खरीद सकें।

टूटे-फूटे टीन शेड में बैठकर ही गुजरा करना पड़ रहा है

डीएम ने कहा था 15 दिन में शुरु हो जाए

कलेक्टर रुचिका चिका चौहान के पास धर्मशाला प्रारंभ न होने की बात पहुंची थी। 3 दिसम्बर 2024 को उन्होंने जीआरएमसी प्रबंधन को निर्देश दिए थे कि अगले 15 दिन के अंदर धर्मशाला का ताला खुल जाना चाहिए और मरीज के अटेंडरों को वहां रुकवाने के लिए इंतजाम होने चाहिए। 7 माह बीतने को हैं इसके बाद भी इस आदेश के पालन को लेकर कुछ नहीं किया गया। धर्मशाला में अभी ताला लटका हुआ है।

सिर्फ दाल-चावल से काम नहीं चलेगा

शहर की कई सामाजिक संस्थाएं जयारोग्य अस्पताल परिसर में संचालित तमाम विभागों में सुबह से लेकर शाम तक मरीज के अटेंडरों को निः शुल्क भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराती हैं। परिसर में संस्थाओं के सदस्य आवाज लगाते हुए आराम से देखे व सुने जाते हैं। अब जरूरत यह भी है कि संस्थाएं आगे आएं और धर्मशाला खुलवाने की पहल करें। जिससे दूर-दराज से आने वाले परेशान लोगों को आसरा मिल सकें।

सुबह खिली धूप, दोपहर से होती रही बादलों की लुका छिपी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 जुलाई. शनिवार को शहर में सुबह से तेज धूप खिली, जिससे लोगों के उमसभरी गर्मी का हुआ। अहसास दोपहर के समय में लोगों को इससे तब राहत मिली, जब आसमान में बादल छा गए। जिले में अब भी भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। जिसके चलते मौसम विभाग ने ग्वालियर को रेड अलर्ट पर रखा है। बीते रोज हुई बारिश के बाद रात के समय में ठंडक बढ़ गई है, जिससे लोगों ने घरों में एसी-कूलर बंद दिए और पंखों का ही उपयोग कर रहे है। शनिवार रात को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री मापा गया। साथ ही हवा की रफ्तार 9 किमी प्रतिघंटा रही। हवा के चलने के कारण मौसम ठंडा रहा।

शनिवार को दोपहर तक बारिश नहीं हुई। जिससे भी लोगों ने राहत की सांस ली, क्योंकि बीते कई दिनों से जिले में लगातार बारिश हो रही थी, जिससे लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। हालाकि मौसम विभाग ने ग्वालियर को रेड अलर्ट पर रखा हुआ है, जहां अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही दतिया, भिंड व मुरैना भी रेड अलर्ट पर है। जबकि श्योपुर, होने शिवपुरी, गुना व अशोकनगर को ओरेंज अलर्ट में रखा है, जहां भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। शनिवार को बीते रोज हुई बारिश के बाद सुबह तेज धूप खिली,

जिससे लोगों का उमसभरी गर्मी से बुरा हाल हो गया, लेकिन 12 बजे के बाद आसमान में फिर से बादल छा गए फिर बादलों का आना जाना लगा रहा इससे मौसम खुशगंवार हो गया।

पति से हुआ विवाद, सालियों ने जीजा को पीटा

ग्वालियर 19 जुलाई. घरेलू विवाद होने पर महिला ने अपने मायके वालों को बुला लिया। मायके वालों ने महिला के पति की पिटाई कर दी। दो सालियों ने जीजा की पिटाई कर दी। उसे बचाने आए भाई व भांजे को पीट दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के मोहिते गार्डन के पास दिनेश नौगइंया का अपनी पत्नी शशि से विवाद हो गया। शशि ने अपने पिता जसवंत को फोन कर दिया। बेटी के साथ मारपीट होने की बात पता चलते ही जसवंत व इनकी दो बेटी पूजा व प्रभा वहां पहुंच गई। बताया गया है कि पूजा व प्रभा ने अपने जीजा दिनेश की पिटाई करना शुरु कर दी। दिनेश को बचाने आए उसके भाई रविन्द्र व भांजा हर्ष के साथ भी मायके वाले उलझ गए। मारपीट में रविन्द्र की उंगली टूट गई तो भांजे हर्ष के कान में चोट आई है।



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95